Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 16-05-2006

Participants : Agarwal Shri Dhirendra

an>

Title : Need to lay a new rail line between Gaya and Tori via Chatra in Bihar and complete the pending construction work of railway line between Varvadih and Chirmiri.

डॉ. धीरेन्द्र अग्रवाल (चतरा) : महोदय, गया से टोरी वाया चतरा नया रेल मार्ग बनाने का कार्य अगर शुरू किया जाये तो हम दिल्ली से रांची के बीच चलने वाली रेल सेवाओं में 200 किलोमीटर की दूरी को कम कर सकते हैं। यदि वरवाडीह से चिरीमिरी तक अपूर्ण रेल मार्ग का निर्माण अविलंब शुरू करवाया जो तो इससे भी हम हावड़ा से मुम्बई के बीच की दूरी करीब तीन सौ किलोमीटर कम कर सकेंगे। इन रेल मार्गो के बनने से हम रेल यात्रियों के समय को काफी हद तक बचा सकते हैं। इससे रेल सेवा के प्रचालन में कुशलता आयेगी। उपरोक्त क्षेत्रों में खनिज एवं खनन कार्य अत्यधिक होता है जिससे रेल विभाग को खनिज पदार्थ के माल ढोने के कार्य से अधिक आय प्राप्त होगी और इन पिछड़ जिलों को विकास के अ वसर मिलेंगे।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि गया से टोरी वाया चतरा का नया रेल मार्ग एव वरहाडीह से चिरीमिरी के रेल मार्ग के अधूरे कार्य को शुरू करने का कार्य जनहित में शीघ्र किया जाये।